हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026



# जिले में हर वर्ष मिल रहे टीबी के एक लाख संदिग्ध, हाई रिस्क पर जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

केन्द्र सरकार के निर्देश पर टीबी रोगमुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय कार्यक्रम चलाकर मरीजों को खोजा जा रहा। राजनांदगांव जिला टीबी के मामले में हाई रिस्क पर है। यहां हर वर्ष लगभग एक लाख संदिग्ध मरीजों की पहचान होती है। अब तक जिले की 407 ग्राम पंचायतों में से 238 पंचायतें ही टीबी मुक्त घोषित हुई है, जो लगभग 58 प्रतिशत ही है। यानी जिले में लगभग 42 प्रतिशत गांव अब तक टीबी मुक्त नहीं हो पाया है। वर्षों से चल रहे टीबी उन्मूलन अभियान के बावजूद जिले में एक वर्ष में ही लगभग एक हजार से अधीक मरीज सामने आते हैं। ऐसे में पूरे अभियान की जमीनी हकीकत को समझा जा सकता है।

## जिले में 238 ग्राम पंचायत ही टीबी मुक्त, अभियान के बाद भी नहीं सुधर रही जिले में स्थिति

### जांच की औपचारिकता

टीबी रोगमुक्त भारत अभियान के तहत मरीज को ढूंढने की केवल औपचारिकता ही दिखाई दे रही है। शहर सहित गांव में सभी संदिग्ध मरीजों की जांच नहीं हो रही है। इस अभियान के तहत मितानिनों द्वारा शत-प्रतिशत घरों से जानकारी भी नहीं ली गई है। शहर के श्रमिक बाहुल्य वार्डों में औपचारिकता को पूरी करने के लिए 50-60 लोगों का एक्स-रे किया जा रहा है। जबकि लक्षण वाले व्यक्ति छूट जा रहे हैं और सामान्य व्यक्ति की जांच कर जांच के आंकड़ों को बढ़ाया जाना भी चिंताजनक है।



### ट्रांसमिशन रोकने प्रयास

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में सौ दिवसीय जांच अभियान चलाया जा रहा है। बीते वर्ष इस अभियान के तहत एक लाख संदिग्ध व्यक्ति मिले थे। इस वर्ष भी गांव-गांव में शिविर लगाकर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा जिला 305 एआई के माध्यम से हाई रिस्क विलेज आईडेंटिफाई हुआ है।

### लगा रहे शिविर

उन्होंने कहा कि अब तक 50 प्रतिशत गांव में शिविर लग चुका है। उन्होंने कहा कि अधिक मरीजों को खोजकर ट्रांसमिशन रोकना उद्देश्य है। वहीं उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में लगभग दो-ढाई हजार के करीब मरीज मिलते थे, लेकिन अब यह संख्या कम होकर 1 हजार के आसपास हो गई है।

### जागरूकता अभियान आवश्यक

स्क्रीनिंग, नियमित फॉलोअप और टीबी के मामले में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य और जागरूकता तंत्र को मजबूत नहीं किया गया तो टीबी मुक्त जिला बनाना स्वपन्न ही होगा। इसके लिए ग्राम स्तर पर नियमित स्क्रीनिंग, नए मरीजों की शीघ्र पहचान, दवा का पूरा कोर्स, संपर्क में आए लोगों की जांच, पोषण सहायता और लगातार जनजागरूकता काफी जरूरी है।

### योजनाओं का असर नहीं

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोषण योजना, टीबी मुक्त भारत मोबाइल एप, आयुष्मान आरोग्य शिविर, माई भारत पोर्टल और सामुदायिक भागीदारी जैसे कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं लेकिन इसका असर जिले में दिखाई नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### एमन सम्हालेंगे सोमनी थाना

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एक आदेश जारी कर तीन निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक एवं एक सहायक उपनिरीक्षक का स्थानांतरण किया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना बसंतपुर से सोमनी, निरीक्षक कौशलेन्द्र देवांगन थाना छुरिया से बसंतपुर, निरीक्षक अनुराग सोनवानी रक्षित केन्द्र से छुरिया, उपनिरीक्षक राकेश पटेल चौकी चिखली से थाना प्रभारी बोरतालाब, सहायक उपनिरीक्षक डी. सुमन यातायात शाखा से चौकी चिखली स्थानांतरित किए गए हैं।


### चाकू के साथ पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर दहशत फैलाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर चाकू बरामद किया एवं कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि राहुल नगर लखोली में नूतन नेताम नामक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से चाकू लेकर आम लोगों में दहशत फैला रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौका में पहुंचकर घेराबंदी कर नूतन नेताम 19 साल निवासी राहुल नगर लखोली को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर 26 जुलाई को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा।

### लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम 30 को

**राजनांदगांव।** श्री गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव द्वारा गौसेवा एवं गौसंवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते 30 जुलाई को सुबह 11.30 बजे नवीन गौछाया परिसर के लोकार्पण तथा आधुनिक गौ-चिकित्सा एवं गौछाया परिसर के भूमिपूजन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गौशाला परिसर जीई रोड स्टेडियम के पास आयोजित होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल सहित समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया, सुरेशचंद कांकरिया, दानमल पोरवाल एवं जेठमल बोहरा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नवीन गौछाया परिसर का लोकार्पण किया जाएगा।

## माए एंगल



## अफसर और ठेकेदारों के सांठगांठ का खामियाजा भुगत रहे संस्कारधानी के लोग

# ठेकेदारों के गुणवत्ताहीन कामों पर एक्शन नहीं होने का नतीजा..शहर की सड़कों का बुरा हाल, स्थिति सुधारने 18 करोड़ का नया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

संस्कारधानी में इस बार मानसून का मौसम शुरू होते ही शहर की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बारिश का सीजन अभी आधा भी नहीं बीता है और शहर की लगभग हर मुख्य और अंदरूनी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हालत यह है कि शहर के प्रमुख इलाकों से गुजरना अब किसी खतरे से कम नहीं रह गया है। सड़कों पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को संभलकर चलने का मौका तक नहीं मिल पा रहा है। जिससे हादसों की आशंका कई गुना बढ़ गई है। इधर निगम ने शहर की सड़कों के मजबूतीकरण के लिए 18 करोड़ रुपए का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

गड्ढों के कारण दैनिक यात्रियों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है। सड़कों की इस बदहाली से न केवल लोगों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि उनके वाहनों में भी आए दिन बड़ी तकनीकी खराबियां आ रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि हर साल बारिश से पहले और बाद में सड़कों की स्थिति सुधारने का दावा तो करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई बदलाव नहीं आता। जनता पिछले कई सालों से इसी अव्यवस्था और बदहाली को झेलने के लिए मजबूर हैं।



## सालभर नहीं टिक रहा डामरीकरण, तकनीकी अफसरों पर कार्रवाई नहीं





### दुर्घटनाओं का अंदेशा

सड़कों पर बने बड़े गड्ढों की वजह से दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा हादसे का शिकार हो रहे हैं। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने से चालकों को गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। जिससे गाड़ियां अनियंत्रित होकर फिसल जाती है। विशेषकर बुजुर्गों और मरीजों के लिए इन सड़कों पर सफर करना बेहद दर्दनाक साबित हो रहा है।

### प्रस्ताव पर स्वीकृति का इंतजार

नगर निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की खराब होती सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए एक नया प्रस्ताव तैयार किया गया है। बताया गया कि करीबन 46 सड़कों के मजबूतीकरण यानी डामरीकरण के लिए 18 करोड़ रुपए का नया प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद इस पर काम किया जाएगा। हालांकि सवाल यहीं उठ रहा है कि पिछले कुछ सालों के दौरान करोड़ो रुपए सड़क के नाम पर खर्च किए जा चुकें है, लेकिन गुणवत्ता पर जोर नहीं दिए जाने के चलते हर बार सड़कें कुछ महीने के भीतर ही गड्ढों में तब्दील हो जाती है। जिससे आम लोगों को अच्छी सड़क का सुख नहीं मिल पा रहा है।

### वाहनों पर असर

सड़क की इस जर्जर हालत से आम जनता की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। लगातार झटकों और गड्ढों में चक्के पटकने से गाड़ियों के सस्पेंशन, टायर और रिम खराब हो रहे हैं। वाहन चालकों को हर महीने गाड़ियों की मरम्मत में भारी रकम खर्च करनी पड़ रही है। जिससे लोगों में शासन के प्रति गहरा असंतोष व्याप्त है।

**कार्रवाई न होने से बुलंद हौसले :** शहरवासियों का आरोप है कि सड़कों के निर्माण और मरम्मत में केवल खानापूर्ति की जाती है। गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने वाले ठेकेदारों पर न तो जुर्माना लगाया जाता है और न ही उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाता है। प्रशासनिक अनदेखी के चलते ही ठेकेदार बेफिक्र होकर घटिया काम को अंजाम देते हैं और नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है।

### सालभर नहीं टिकी सड़कें

शहर में एक वर्ष पूर्व ही लगभग 10 करोड़ की राशि से 42 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसमें से लगभग दर्जनभर सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। वहीं कई सड़कें आधी-अधूरी बनाई गई, जो एक वर्ष भी नहीं टिक पाई। इन नवनिर्मित सड़कों पर भी गड्ढों की भरमार है।

### हाईवे सहित दर्जनों वार्ड की सड़क पर गड्ढे

शहर के गंज लाइन, ब्राम्हणपारा, लखोली रोड, कन्हारपुरी, रानीसागर रोड, पुराना बस स्टैंड रोड, चिखली ओवरब्रिज, पुराना रेस्ट हाउस रोड, स्टेशन रोड, बसंतपुर वीआईपी रोड, पोस्ट ऑफिस से रेलवे स्टेशन रोड, स्टेशनपारा, ममता नगर, मोतीपुर, कैलाश नगर, नेहरू नगर सहित दर्जनों वार्ड की सैकड़ों सड़क पर गड्ढे हैं। गड्ढों के मामले में स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे भी अछूते नहीं है। यहां बायपास रोड पर भी गड्ढों की भरमार है।

**लोगों में गुणवत्ताहीन काम को लेकर नाराजगी:** स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भी भारी नाराजगी है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की जाती है। पहली ही बारिश में गिट्टियां और डामर उखड़ जाना इस बात का प्रमाण है कि सड़कों के निर्माण में जमकर लापरवाही बरती गई है। घटिया निर्माण कार्य के बावजूद जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। जिसके कारण उनके हौसले बुलंद रहते हैं। अगर समय रहते इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# किरायेदारों का सत्यापन कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

समाधान ऐप के माध्यम से किरायेदार सत्यापन हेतु जिला केसीजी पुलिस टीम का विशेष जन-जागरूकता अभियान जारी है। मकान मालिकों, व्यवसायियों एवं संस्थानों से किरायेदारों का अनिवार्य सत्यापन कराने की अपील की गई है।

समाधान ऐप के माध्यम से विशेष किरायेदार सत्यापन अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान विगत एक सप्ताह से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आम नागरिकों, मकान मालिकों, दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, कार्यालय संचालकों तथा अन्य भवन स्वामियों से संपर्क कर उन्हें किरायेदार सत्यापन के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही समाधान ऐप के माध्यम से किरायेदारों का सत्यापन कराने की प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें इस अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनने प्रेरित किया जा रहा है।

### संदिग्ध गतिविधियों की दें जानकारी

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा नागरिकों से यह भी आग्रह किया जा रहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा घटना की सूचना तत्काल अपने निकटतम थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। नागरिकों की सतर्कता एवं पुलिस के साथ उनका सहयोग अपराध नियंत्रण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मोबाइल की बात पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



मोबाइल संबंधी बात को लेकर गाली-गलौज व मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जुलाई को प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रताप यादव उर्फ बिट्टू यादव निवासी बैगापारा घुरवा धरसा लखोली द्वारा 20 जुलाई को रात्रि 8 बजे उसे तुम्हारे कारण मोबाइल नहीं बिक रहा है, कहकर अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकूनुमा धारदार वस्तु से मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया।

### चाकू भी बरामद

पुलिस ने आरोपी प्रताप यादव उर्फ बिट्टू निवासी बैगापारा लखोली की लगातार पतासाजी कर पकड़ा। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू जब्त कर 26 जुलाई को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# गिरवी जमीन को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराया, दो पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



गिरवी जमीन को सुनियोजित तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर जेल भिजवाने की धमकी देकर ब्याज की अधिक राशि वसूलने के लिए दबाव बनाया। धोखाधड़ी के इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक रोहित कुमार साहू 46 साल साकिन पार्रीकला ने 26 जुलाई को आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 नवंबर 2021 को उसके पिता आनंदराम को पैसों की आवश्यकता होने पर अपने नाम की भूमि खसरा नंबर 138/6 रकबा 40 डिसमिल को निर्मल कोठारी के पास गिरवी रखा गया था। उक्त जमीन को गिरवी रखकर निर्मल कोठारी द्वारा तय किए गए 2 प्रतिशत ब्याज की दर से 5,11,000 रुपए प्राप्त किए थे और सिक्युरिटी के तौर पर उससे और उसके पिता आनंदराम एवं भाई जेसुराम साहू से निर्मल कोठारी ब्लैंक चेक एवं कोरे कागजात पर दस्तखत करवाया गया था, जिसे निर्मल कोठारी द्वारा गिरवी रखी गई जमीन को अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा लिया और इसे तथा उसके परिवार को दबावपूर्वक जान से मारने या मरवा डालने की धमकी व 6 प्रतिशत की दर से ब्याज में रुपए भी वसूलता रहा। कोरे कागजात पर छलपूर्वक झूठा किरायानामा अपने भाई नलिन कोठारी से बनवाकर सिक्युरिटी के तौर पर लिए गए ब्लैंक चेक को बाउंस करवाकर झूठा मामला न्यायालय में करवाया गया। उधार ली गई रकम को लौटा देने के बावजूद इनके स्वामित्व की जमीन को वापस करने के एवज में बैंक से 20,00,000 रुपए की रकम फाईनेंस करवाकर निर्मल कोठारी को देने पर केवल 12 डिसमिल जमीन को वापस किया है, शेष 28 डिसमिल जमीन अपने स्वामित्व में रखा है, जिसे लौटाने के लिए दबावपूर्वक और रकम की मांग कर रहा है। निर्मल कोठारी एवं नलिन कोठारी द्वारा उसे एवं उसके परिवार को झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी देकर सुनियोजित धोखा, ठगी एवं आपराधिक कृत्य कर मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से परेशान करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 386, 420, 34 भादवि, छग ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

वरिष्ठ अफसरों के निर्देशन पर निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपी निर्मलचंद कोठारी एवं नलिन कोठारी निवासी कामठी लाइन को तलब कर प्रकरण के संबंध में पूछताछ किया गया, जो जुर्म स्वीकार करने पर 26 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## आषाढ़ माह विदाई की ओर, 30 जुलाई से शुरू होगा सावन

# भक्तिमय रहेगा अगस्त महीना, सावनभर मंदिरों में होगी शिवभक्ति, तीज-रक्षाबंधन पर्व की रहेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



धार्मिक आस्था और उत्सवों से भरपूर आषाढ मास अब अपनी विदाई की ओर है। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के साथ आषाढ़ माह का समापन होगा और 30 जुलाई से भगवान शिव की आराधना का पावन सावन मास प्रारंभ हो जाएगा। सावन के आगमन को लेकर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं और किसानों के बीच विशेष उत्साह का माहौल है। आषाढ़ माह के दौरान जिले में अच्छी वर्षा होने से किसानों को काफी राहत मिली है। धान की बुआई और रोपा कार्य में तेजी आई है तथा अधिकांश खेतों में कृषि कार्य पूरे जोर-शोर से जारी है। किसानों का मानना है कि जितनी बारिश की आवश्यकता थी, उसका बड़ा हिस्सा इस माह में पूरा हो चुका है। अब उन्हें सावन माह में भी अच्छी वर्षा की उम्मीद है। जिससे फसलों की बढ़वार बेहतर होगी। सावन मास भगवान शिव की आराधना का विशेष समय माना जाता है। इस दौरान शिव मंदिरों में सुबह से देर शाम तक पूजा-अर्चना, अभिषेक, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता है। श्रद्धालु सोमवार का व्रत रखकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। शहर के शिवालयों और मंदिरों में तैयारियां भी प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष सावन में चार सोमवार का विशेष संयोग बन रहा है। श्रद्धालु 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को शिव पूजा और व्रत करेंगे।

### हरेली-नागपंचमी पर्व भी

सावन माह में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों की भी भरमार रहेगी। 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या, 15 अगस्त को हरियाली तीज, 17 अगस्त को नागपंचमी तथा 28 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इन पर्वों को लेकर बाजारों में भी धीरे-धीरे रौनक बढ़ने लगी है। पंडितों के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ समय माना जाता है। पूरे माह वातावरण शिवभक्ति, धार्मिक आयोजनों और त्योहारों की खुशियों से सराबोर रहेगा। श्रद्धालुओं में सावन के स्वागत को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण




**तुमडीबोड।** भगत युवा संगठन ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। अभियान के तहत मुक्तिधाम, धरसा रोड एवं भगत भवन परिसर में आम, जामुन, कदम, करंज, नीम, गुलमोहर सहित अन्य के पौधों का रोपण किया गया। संगठन के सदस्यों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष टीकम पटेल, खिलावन यादव, घनेंद्र साहू, लोकेश साहू, शोभाराम, संगीत वर्मा, योधन साहू, कमल पटेल, केशव साहू, प्रभात एवं दिनेश उपस्थित थे।

### कावड़ यात्रा के लिए मार्ग की सफाई



**डोंगरगांव।** सावन माह में निकलने वाली कावड़ यात्रा के लिए मटिया चौक से शिवनाथ नदी तट तक श्रमदान कर सफाई किया गया। मार्ग के किनारे से झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक एवं खर पतवर साफ किया गया। अभियान में अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, सीएमओ विनम्र जेमा, पार्षद पुरुषोत्तम साहू, मनबोधी पटेल, कोमल साहू, एल्डरमेन गुलशन हिरवानी, हरी मालेकर आदि शामिल हुए।

### कब्जा हटाकर किया पौधारोपण



**सोमनी।** खुटेरी के तीन लोगों ने चारागाह की चार एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया था। पंचायत ने कब्जाधारियों को चारागाह भूमि को छोड़ने कहा लेकिन उन्होंने खेती करना शुरू कर दिया। लगातार प्रयास के बाद कब्जा नही हटाने पर पंचायत एवं ग्रामीण द्वारा शासन से गुहार लगाई। एसडीएम, तहसीलदार, एसडीएम एवं सोमनी पुलिस की मदद से कब्जा हटाया गया।चारागाह की जमीन पर कब्जा होने से मवेशियों के चरने और चारा की समस्या और जमीन को सुरक्षित करने के लिए रविवार को ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की मदद से क़ब्ज़े वाली जगहों पर लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया।

### हर्षवर्धन का हुआ रायपुर में सम्मान



**मुरमुंदा।** स्थानीय संत प्रयाग उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 7वीं के छात्र हर्षवर्धन साहू पिता रेखालाल साहू निवासी भरुहाटोला ने राष्ट्रीय परीक्षा एवं अनुसंधान परिषद् द्वारा आयोजित चित्रकला में बेहतर प्रदर्शन किया। उसे इसके लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। प्राचार्य अंजना चौधरी, संचालक चंद्रशेखर श्रीवास्तव आदि ने उसे बधाई दी है।

### गांव- गांव में बिक रही अवैध शराब

**खड़गांव।** ग्राम में सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद आसपास क्षेत्रों में अवैध शराब का करोबार जोरों पर चल रहा है। शराब के परिवहन और बिक्री की लगातार शिकायतें सामने के बाद भी पुलिस विभाग और आबकारी विभाग मौन साधे हुए है। जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद आसपास के गांवों में शराब कोचिया सक्रिय हो गए है जो सरकारी दुकान से शराब ले जाकर महंगे में बेच रहे है। वहीं क्षेत्र में शराब दुकान खुलने के बाद से एक्सीडेंट की घटनाएं भी बढ़ी है। गांव में आपसी विवाद होने की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की मिलीभगत के कारण खुलेआम शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है।

### छात्रों ने स्कूल में रोपे पौधे



**जेवरतला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र- छात्राओं ने पौधरोपण किया एवं जल संचय के लिए रैली निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। प्राचार्य कमलेश साहू ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाया एवं सभी को पौधरोपण करने प्रेरित किया। इस दौरान प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, ,रितेश जैन, संतुलाल कोसरे, सविता देवांगन, रोशनी साहू, मुक्तामणि ठाकुर, शत्रुहन सोनकर, रुख़मसिंग देवांगन, गुलशन शांडिल्य, सुहाशनी कोसमा, कांति सोनकर, सरपंच तारण रजक, गोविंद कौशिक, जनपद सदस्य नरेश सोनी, इंदु भुआर्य, जगदीश देवांगन आदि मौजूद थे।

### अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध कार्रवाई के दावों के बीच शहर के विभिन्न वार्डों में शराब की बिकी जारी है वहीं आबकारी विभाग के संरक्षण अवैध चखना सेंटर चल रहे है। इन सेंटरों से अवैध वसूली करने का आरोप आबकारी विभाग पर लग रहा है। जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकानों से कोचियों को कमीशन लेकर निर्धारित मात्रा से अधिक शराब दिया जा रहा है जिसे वह गांवों में ले जाकर बेचते हैं। उल्लेखनीय है कि विभिन्न मार्गो पर कोचियों की तलाशी लेकर पुलिस कार्यवाही करती है किंतु आरोपी द्वारा सरकारी दुकान से शराब लाने की जानकारी देने के बाद भी सेल्समेन पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

### नर्मदेश्वर भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा

**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 11 में वार्डवासियों के सहयोग से भगवान नर्मदेश्वर भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना किया। विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, हवन संपन्न कराया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे। अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, विजेन्द्र ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंह मोंटी, हरीश मोटघरे, सुमीत ताम्रकार, विरेन्द्र साहू, विक्की भाटिया, सोनल सिन्हा, अखिलेश गढ़ेवाल, सप्पु, मयंक डोंगरे, ज्योति बड़वाईक, पूनम ठाकुर, प्रतिभा कल्चुरी, संतोषी यादव, मानबाई, रजनी मुनेश्वर, सीता धुर्वे, कविता यादव, गोल्डी यादव, पायल नेताम, दिव्या राजपूत, नितीन नेहा यादव, रश्मि मनिष दुबे, भुना सेन, रेवती सेन, राधा नेताम, पुनम सिंह राजपूत ने भोग प्रसाद वितरित में अपनी सेवा दिया।

### कई राज्यों के लोग हुए ठगी के शिकार

# लाखों की ठगी, निवेशकों ने किया आरोपी के घर का घेराव

## शहर के एक व्यक्ति से जुड़ा है तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में तब हड़कंप मच गया, जब विभिन्न राज्यों से आए 100 से अधिक निवेशक वैसलियन चर्च के पास स्थित एक मकान के बाहर एकत्र हो गए। निवेशकों का आरोप था कि फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म लॉग एशिया के जरिए कथित ठगी की गई है।

इस नेटवर्क के तार नगर से जुड़े हैं। मौके पर भारी भीड़ जमा होने के बाद सड़क जाम जैसी स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। मौके पर पहुंचे निवेशकों ने बताया कि वह पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आए हैं।

#### शिकायत करने की सलाह

थाना प्रभारी भूषण चंद्राकर ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए लोगों ने ऑनलाइन ठगी होने की जानकारी दी है, लेकिन उन्होंने लिखित शिकायत नहीं की है। उन्होंने सभी को सलाह दी है कि जिस स्थान से ठगी हुई है, पहले वहां के थाने में शिकायत दर्ज कराएं। जांच के दौरान डोंगरगढ़ पुलिस के सहयोग की आवश्यकता होगी तो हर संभव सहयोग किया जाएगा।

#### तीन आरोपी शामिल

नागपुर से आए निवेशक रविशंकर बाघ ने बताया कि कुछ लोगों ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर निवेश करवाया और अब बड़ी संख्या में लोगों की रकम फंस गई है। उन्होंने कहा कि कि प्रभावित शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी से मुलाकात कर जांच तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। पीड़ितों का आरोप है कि इस नेटवर्क में पांच लोग शामिल हैं और देशभर के बड़ी संख्या में निवेशक इसकी चपेट में आए हैं। उन्होंने बड़ी रकम फंसने का आरोप लगाया हालांकि इस दावे की अभी तक किसी सरकारी एजेंसी या पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

#### भरोसा जीतकर लगाया चूना

लोगों का आरोप है कि इस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को संचालित करने वाले लोगों ने ऑनलाइन जूम मीटिंग, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों से लोगों को फॉरेक्स ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का सपना दिखाया। शुरुवात में निवेशकों को समय पर अच्छा रिटर्न दिया गया, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ता गया। कई लोगों ने जीवनभर की जमा पूंजी निवेश कर दी, तो कई लोगों ने कर्ज लेकर पैसा लगाया। निवेशकों का दावा है कि फरवरी 2026 से प्लेटफॉर्म पर अचानक टेक्निकल इश्यू बताकर निकासी बंद कर दी गई। इसके बाद निवेशकों का पैसा फंस गया और प्लेटफॉर्म से भुगतान मिलना बंद हो गया।

#### एजेंट के घर का घेराव

आरोपियों की तलाश में नगर पहुंचे निवेशकों ने मामले से जुड़े बताए जा रहे एक व्यक्ति के घर का घेराव भी किया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बाहर से आए लोगों को समझाया कि कानून हाथ में लेने के बजाय पुलिस के माध्यम से कार्रवाई कराना ही उचित होगा। इसके बाद पुलिस ने सभी को वहां से हटाया और थाने पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी। सभी निवेशक थाना पहुंचे और थाना प्रभारी भूषण चंद्राकर से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी। अभी तक किसी भी निवेशक ने थाने में शिकायत नहीं की है।

## इस्तीफे पर कांग्रेस ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में जश्न मनाया।

- कांग्रेसजनों ने कहा छात्रों ने सरकार को दिखाई अपनी ताकत

शहर के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे युवाओं और छात्रों की जीत बताते हुए कहा कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रही आवाजों का असर अब दिखने लगा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह इस्तीफा नहीं बल्कि जनआवाज की ताकत का उदाहरण है। इस दौरान डॉ नरेंद्र साहू, वीरेंद्र बोरकर, रोशन यदु, चंद्रशेखर उइके, सतीश वैष्णव, अखिलेश नखत, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, बेबी खान, अरुण देवांगन, आरती कोरे, संदीप रत्नाकर, लक्ष्मी नारायण साहू, प्रदीप रत्नाकर, प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, टिंकू देवांगन, सद्दाम खत्री, अमित ठाकुर, अब्दुल करीम आदि उपस्थित थे।

## गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों में बढ़ी चिंता

**डोंगरगढ़।** नगर के कई वार्डों में एक सप्ताह से गंदे पानी की आपूर्ति होने से नागरिकों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी पीने योग्य नहीं है, जिससे बीमारियां होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2, 3, 19, 20, 21 और 22 सहित अन्य क्षेत्रों के नागरिकों की शिकायत है कि घरों में आने वाला पानी गंदा और मटमैला है। लोगों का कहना है कि पानी पीने के साथ घरेलू उपयोग के लायक भी नहीं है। नागरिकों का कहना है कि दूषित पानी से संक्रमण होने का खतरा बढ़ रहा है। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से पानी की जांच कराने और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## डबरी में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मुढ़पार के एक फार्म हाउस में कार्यरत कर्मचारी की पानी से भरी डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक फार्म हाउस में कार्यरत था। वह किसी कारणवश पानी से भरी डबरी गया था जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज। मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

### पदभार ग्रहण समारोह 2 को

**डोंगरगढ़।** रेलवे इंस्टीट्यूट की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह आगामी 2 अगस्त को रखा गया है। शाम छह बजे शुरू होने वाले कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी औपचारिक रूप से कार्यभार संभालेगी। आयोजक कार्यक्रम को गरिमामय बनाने की तैयारी में जुटे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## अशांति फैलाने वाले पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

झुरानदी के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने रविवार को छुईखदान थाना पहुंच कर कथित व्यक्तियों पर गाली गलौज, मारपीट एवं जबरन फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। चार दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि एक महिला सहित चार पुरुष अन्य ग्रामीणों के साथ गाली गलौज करते हुए गंभीर आरोप में फंसाने की धमकी देते है। सभी बदमाश प्रवृत्ति के है जो दो तीन साल से गांव में अशांति फैला रहे हैं। इन लोगों की वजह से गांव में आए दिन तनाव की स्थिति बनी रहती है। उक्त व्यक्तियों से गांव के सभी लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने थाने में शिकायत पर जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

## सारमति की जन्मधरा पर आर्यिकाओं की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका श्री 105 सारमति माताजी की जन्मस्थली में रविवार उस समय भक्ति का सागर उमड़ पड़ा, जब उनकी पांच गुरु बहनें ससंघ नगर पधारीं। आर्यिका श्री 105 तपोमति माता, आर्यिका श्री नम्रमति, आर्यिका विनम्रमति, आर्यिका अतुलमति और आर्यिका अनुरागमति माता के नगर की धरा पर कदम रखते ही पूरा माहौल आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जयकारों से गूंज उठा।

आर्यिका संघ की अगवानी के लिए सकल जैन समाज सुबह से ही पलक-पावड़े बिछाकर इंतजार कर रहा था। जैसे ही पूज्य आर्यिकाओं का प्रवेश नगर सीमा में हुआ, श्रावकों ने गाजे-बाजे और मंगल कलश के साथ उनकी अगवानी की। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अल्पना सजाई और माताओं के पावन चरणों का प्रक्षालन कर आरती उतारी। बालिका मंडल, पाठशाला परिवार और संस्कार महिला मंडल ने विविध प्रस्तुतियां दी।

#### जन्मभूमि पर भावुक क्षण

उल्लेखनीय है कि जिस धरा पर ममता (आर्यिका सारमति माताजी का गृहस्थ नाम) ने जन्म लेकर संयम पथ को चुना, उसी धरा पर आचार्य श्री की अन्य पांच विदुषी शिष्याओं का एक साथ आगमन हुआ है। नगर भ्रमण करते हुए आर्यिका संघ ने स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर भगवान जिनेन्द्र के दर्शन किए। इस मौके पर देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सतीश जैन, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, एल्डरमेन गुलशन हिरवानी, जिला भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन, दिनेश नखत, रामकुमार गुप्ता, अंजू त्रिपाठी, भागचंद जैन, अशोक जैन, शीतल लोढा, रमन नाहटा, हेमंत चोपड़ा, रौशन यदु, अखिलेश नखत, प्रवीण जैन, धर्मेन्द्र, संजय चौधरी, सुधीर, राहुल राही, संदीप जैन, बीरेन्द्र, सौरभ, राकेश जैन लल्ला, अनुज चौधरी सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## रजिस्ट्रार कार्यालय का उदघाटन

**डोंगरगढ़।** हाउसिंग बोर्ड द्वारा ठेठवार पारा में निर्मित रजिस्ट्रार कार्यालय का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में किया गया। हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे, विजयराज चौहान, राहुल यादव, रजत देशपांडे, सृजन यादव, प्रकाश यादव, शिवा यादव, रवि यादव, मनीष यादव, करण यादव, सागर पटेल, अक्षय सिन्हा, जगदंबा विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, खेदु यादव, राजू यादव, दुष्यंत यादव, संकेत सेन, श्रवण साहू, अशोक यादव, दिनेश यादव, हरिश पटेल, दिनेश साखरे, गजेंद्र साहू, अमन यादव, नूरा भाऊ, मुकेश उइके सहित अन्य उपस्थित थे।



## ग्रीन डे पर छोटे बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के चिल्ड्रन्स गार्डन प्ले स्कूल में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी के मार्गदर्शन में शनिवार को ग्रीन डे मनाया गया। सभी बच्चों ने स्कूल में पौधे लगाकर रोज़ डालने और देखभाल करने की शपथ ली।

पर्यावरण संरक्षण पर डिंपल सोनी, अविका कुंवर, नव्यता कुंभकार, आर्यन कांडे, मेहुल भट्ट, अयान मेश्राम, आरव चक्रधारी ने प्रस्तुति दी। इसी क्रम में रुद्र महेश्वरी, आद्विक माहेश्वरी, युवांश माहेश्वरी, प्रणवसिंह, एकलव्य साहू, आन्या कांडे, जयवर्धन गांधी, रिद्याश्री, वर्णिका ने पेड़ बचाओ पर नाटक प्रस्तुत किया। प्ले ग्रुप एवं नर्सरी के बच्चों के लिए पर्यावरण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे गर्वित माहेश्वरी, आद्विक गुप्ता, हितिका अहीर प्रथम रहे। दक्ष टांडेकर, गोयल यादव, रुद्राक्ष गुप्ता, रोहांश साहू, अयान सोनटेके, रूपर्णा कसेर, आर्विक मालेकर, ओजल साहू, ओजस्वी साहू, आर्वी जैन दूसरे स्थान पर रहे।

गुणेश चंदन, विद्याश्री यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा केजी १ व २ के बच्चो के बीच कविता प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें युवांश महेश्वरी, कार्तिक महेश्वरी, आन्या कांडे प्रथम , तनुष गांधी, एकलव्य साहू, अफसार ख़ान, जयवर्धन गांधी, आद्विक महेश्वरी दूसरे, रुद्र महेश्वरी, मेहुल भट्ट, देवांश यादव, प्रणव सिंह, भव्य देवांगन, आराध्या जैन, अनंत श्रीवास्तव, यांश मेश्राम, संस्कार चूटे, आरव चक्रधारी, अविका कुंवर, अवनी वैष्णव तीसरे स्थान पर रहे।



### चयनित शिक्षाकर्मियों की 2009 में हुई शिकायत की जांच तेज

# राज्य आर्थिक अपराध अंवेषण ब्यूरो के पत्र से बढ़ी खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के 2007/08 में चयनित शिक्षाकर्मियों की वर्तमान पदस्थापना संबंधी जानकारी राज्य आर्थिक अपराध अंवेषण ब्यूरो द्वारा डीईओ मार्फत बीईओ से मांगने से 2009 में हुई शिकायत की जॉच तेज हो गई है।

जानकारी अनुसार ब्यूरो ने 13 जुलाई को डीईओ के नाम लेटर जारी कर 42 शिक्षाकर्मियों के वर्तमान पदस्थापना की जानकारी मांगी है। पत्र में विवेचना अधिकारी ने अपराध क्रमांक और सन 2009 का उल्लेख करते हुए लिखा है कि सत्र 2007/08 में सीईओ प्रकाश मेश्राम के कार्यकाल दौरान शिक्षाकर्मी वर्ग तीन की भर्ती में अनियमितताओं को लेकर प्रकरण पंजीबद्ध है जिसमें चयनित अभ्यार्थियों की सूची, वर्तमान पदस्थापना, मूल पता, सेवा से पृथक होने की जानकारी, निधन, स्थानांतरण सहित अन्य कोई भी जानकारी जो प्रकरण के विवेचना में काम आए उसे जल्द से जल्द दिया जाए।

लेटर के अलावा ब्यूरो ने 2007/08 में चयनित उन 42 शिक्षाकर्मियों की सूची भी सौपी है जिनके खिलाफ गलत तरीके से चयन का आरोप शिकायतकर्ता ने लगाया है। पता चला है कि जिन शिक्षाकर्मियों की सूची ब्यूरो ने डीईओ को उपलब्ध कराई है उसमें महज सात लोग ही वर्तमान में ब्लाक के अलग अलग प्राथामिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में पदस्थ है। वही यह भी पता चला है कि ब्यूरो ने मामले मे संलिप्त कुछ लोगों का बैकग्राउंड पता करने पुलिस को भी पत्र भेजा है।

#### अनुभव प्रमाण पत्र में मिलता था अंक

2008 के पहले शिक्षाकर्मी भर्ती को लेकर 1998 से 2007 तक जनपद द्वारा वर्ग तीन और जिला पंचायत द्वारा वर्ग दो व एक की भर्ती प्रक्रिया सहित परीक्षण बाद नियुक्तियॉ हुआ करती थी। उस समय दस्तावेजों के परीक्षण सहित अन्य सारी जवाबदेही जनपद और जिला स्तर पर ही होती थी। पता चला है कि यह मामला भी उसी समय का है जब सीईओ प्रकाश मेश्राम थे और जनपद स्तर पर दस्तावेजी परीक्षण, मूल्यांकन सहित अंक निर्धारण की प्रक्रिया जनपद प्रतिनिधियों के उपर निर्भर था। उस समय जनभागीदारी समिति द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर अच्छा खासा अंक भी चयन निर्धारण के दौरान दिया जाता था बस इसी का लाभ उठाते हुए कई अभ्यार्थियों ने बिना शाला में अध्यापन कराए प्राशा और पूमाशा में काबिज जनप्रतिनिधियों के मार्फत जनभागीदारी समिति से अनुभव प्रमाणपत्र हासिल कर उसी आधार पर नियुक्ति भी पा ली थी। मामले में उस समय भी काफी शोरगुल हुआ पर जनप्रतिनिधियों के दबाव के चलते कारवाई आगे नही बढ़ पाई थी, लेकिन अब 2007/08 में भर्ती को लेकर राज्य आर्थिक अपराध अंवेषण ब्यूरो द्वारा नए सिरे से विवेचना शुरू करने से उस समय किसी भी तरीके से नौकरी हासिल करने वालो के बीच अफरातफरी मच गई है।

# पेपर लीक के विरोध में निकला मशाल जुलूस

### आंदोलित छात्रों को कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश इंका के आह्वान पर पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार को नगर में जिला इंका, किसान कांग्रेस और युवक कांग्रेस के तत्वावधान में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की।

मशाल जुलूस की शुरुआत राजमहल चौक से हुई जिसका नेतृत्व राजा गिरिराज किशोर दास, जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास तथा जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मशाल लेकर नगर भ्रमण करने निकले। जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

मशाल जुलूस में जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू, यशोदा वर्मा, राजा गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, मयूरी सिंह, गुलशन तिवारी, रामकुमार पटेल, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, गजेंद्र ठाकरे, अनिमेष सिंह, नदीम मेमन, मो. खान, अनिमेष महोबिया, सुमित छाजेड़, आकाशदीप सिंह, भीखम छाजेड़, छोटू सिंह, रत्न सिंघी, आरती महोबिया, सोहेल खान, कोसन कोसरे, पवन चंद्राकर, रिंकू गुप्ता, मनीष कोचर, लक्ष्मी कुंभकार, हेमंत वैष्णव, जयराम मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।



#### लोगों ने दिया अपना समर्थन

मशाल जुलूस केजा ठेला चौक होते हुए कंडरापारा चौक पहुंचा, जहां वार्डवासियों ने मो. अर्श, मो. फरहान, मो. आजम, उरुशा सुल्ताना, नेहा, अशरफ खान, पीलू यादव ने नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। इसके बाद जुलूस बाजार लाइन पहुंचा। साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में मौजूद लोग भी जुलूस में शामिल हो गए।

#### छात्राओं को दी श्रद्धांजलि

जय स्तंभ चौक में उपस्थित लोगों ने मृत छात्र छात्राओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया और छात्रों के न्याय की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई। समापन सभा को संबोधित करते हुए जिला इंका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यह आंदोलन छात्रों के अधिकारों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए है। छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। वहीं राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि कांग्रेस छात्रों की मांगों का समर्थन करती है और हक की लड़ाई में हमेशा उनके साथ रहेगी।

# ठाकुरटोला में जिला स्तरीय साइकिल रेस स्पर्धा का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकास खण्ड छुईखदान के ग्राम ठाकुरटोला में जिला स्तरीय साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14, 17 और अंडर 19 के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनक लाल साहू, राजू दास मानिकपुरी, गौरी खान, कुशाल सिंह धुर्वे, शिवराम सिंह पुलस्त्य, राम भरोसा मेरावी, श्रीमती तरुण साहू, लोचन राम जंघेल, प्रमोद कुमार साहू सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। साइकिल रेस में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी वर्ग के बच्चों पुरस्कृत किया गया। विजेता बच्चे 9 अगस्त को संभाग स्तरीय सायकिल प्रतियोगिता हेतु भिलाई में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे । विजयी बच्चों को बधाई देकर एवं उनकी उज्जवल भविष्य के कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# स्कूल परिसर में पौधारोपण




**तुमडीबोड**। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संत कबीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौराभांठा में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार ने पौधरोपण किया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने र बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इनसे हमें फल, छाया और दवाइयां मिलती है इसलिए सुरक्षा करना आवश्यक है। समिति की उपाध्यक्ष तान्या साहू ने भी बच्चों को पेड़ का महत्व बताया। व्याख्याता पीआर पटेल, युगल किशोर रजक एवं इको क्लब प्रभारी अनिल साहू ने गड्ढा खोदने एवं पौधरोपणे करने में सहयोग दिया। इस अवसर पर जयश्री साहू, गुनीता ठाकुर, लोकेश्वरी सोनगेर, किरण वर्मा, भावना साहू, नमिता देवांगन, सीता सोरी, सरला ठाकुर, रामेश्वरी ठाकुर, किशनचंद हिरवानी, खूबलाल सिन्हा आदि ने बच्चों के साथ पौधे लगाए।

# प्रधानमंत्री के विचारों से मिलती नई उर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

- कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने किया मन की बात का श्रवण



ग्राम बड़हुम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कारगिल के वीरों को नमन करते हुए युवाओं के साथ आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के उपरांत श्री गांधी ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरक विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। श्री गांधी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री की बातों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान यदु नायक, दिव्यांश जैन, राजेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम सिन्हा, ईश्वर, हेमंत साहू, खुमेश्वर साहू, सगन अलेंद्र, झनक साहू, नरेश साहू, सोहन साहू, लोकुराम, बलिराम, गरीबा, भूषण, धनेश, भूपेन्द्र टंडन, तोमन धनकर, खम्मन साहू, गिरधर तारम, विजय यादव, मिथलेश धनकर, धनेश देवहारे, रामप्रसाद साहू, गौतम साहू, फागनुराम, बिसनबाई, अन्नपूर्णा साहू, गायत्री अलेंद्र, बीरम साहू, गीता तारम, सत्यवती, राजनंदनी आदि उपस्थित थे।

# ट्रेलिस विधि से बढ़ी आय



**बेलगांव**। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत अछोली के किसान ओमप्रकाश साहू ने आधुनिक खेती अपनाकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बाद भी उन्होंने खेती को लाभकारी बना दिया है।

ओमप्रकाश साहू ने अपनी 1.5 एकड़ कृषि भूमि में से 1 एकड़ में खीरा एवं लौकी की ट्रेलिस विधि से खेती शुरू की। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कार्यक्रम एवं समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए मार्गदर्शन और कृषि विशेषज्ञों के सहयोग से उन्होंने वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया। जिसका परिणाम यह रहा कि पहले ही सीजन में उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ बेहतर आय प्राप्त किया। उनका कहना है कि किसान आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक सलाह और समय पर कृषि प्रबंधन को अपनाएं तो कम भूमि में भी अच्छा उत्पादन और बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकता है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर आसपास के किसान भी ट्रेलिस विधि से खेती करने में रुचि दिखा रहे हैं। आगामी सीजन में वह टमाटर की खेती करने की तैयारी कर रहे हैं। इस कार्य में प्रोजेक्ट मैनेजर भैया सिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट दिव्या रानी कश्यप एवं सीआरपी वैशाली कोचे का सहयोग

# विषय विशेषज्ञों का प्रशिक्षण आयोजित

### 9वीं से 12वीं तक शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विषय विशेषज्ञों की एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए विषय विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विषयवार वार्षिक पाठ्यक्रम का सुव्यवस्थित विभाजन, पाक्षिक परीक्षाओं हेतु गुणवत्तापूर्ण प्रश्नपत्र तैयार करने, त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्नपत्र निर्माण तथा विद्यार्थियों के समग्र अध्ययन को ध्यान में रखते विषयवार प्रश्न बैंक तैयार करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला स्तर के परीक्षा नोडल अधिकारी मनोज चौहान ने प्रश्नपत्र निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ब्लूप्रिंट तैयार करने की वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित पद्धति, सीखने के प्रतिफलों, क्षमता आधारित प्रश्नों, ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग एवं उच्च स्तरीय चिंतन कौशल पर आधारित प्रश्नों के संतुलित समावेश तथा निर्धारित अंकभार एवं समय-सीमा के अनुरूप प्रश्नपत्र निर्माण की बारीकियों को उदाहरण सहित समझाया।



#### अध्यन, अध्यापन पर दिया गया बल

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रश्नपत्र निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण, पाठ्यक्रमानुकूल तथा बोर्ड परीक्षा की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किए जाएं। जिससे विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं विषय की गहन समझ का विकास हो सके। साथ ही विषयवार प्रश्न बैंक तैयार कर विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक बताते प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने-अपने विषयों का पाठ्यक्रम विभाजन, ब्लूप्रिंट, प्रश्नपत्र एवं प्रश्न बैंक निर्धारित समय-सीमा में तैयार करने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण आगामी पाक्षिक एवं त्रैमासिक परीक्षाओं के सफल संचालन के साथ-साथ जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

# गायत्री स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर




**राजनांदगांव**। गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कर्नल राजीव कुमार, भूतपूर्व सैनिक घनश्याम साहू एवं हेड कांस्टेबल शरद तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने कारगिल के अमर शहीदों के चित्रों के समक्ष मशाल प्रज्जवलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शाला की नृत्य शिक्षिका भारती यादव व शिक्षक जयेश मुदलियार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, आकर्षक नृत्य एवं भावपूर्ण नाटिका प्रस्तुत कर कारगिल के वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। मंच संचालन अंजलि सोनवानी द्वारा किया गया।

#### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्राचार्य अंकित व्यास ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और भारतीय सेना के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं राष्ट्र की सेवा के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### निर्मल त्रिवेणी महाभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# पेंड्रीकला में पौधों को पेड़ बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

निर्मल त्रिवेणी महाअभियान अंतर्गत ब्लाक के पेंड्रीकला स्थित मुक्तिधाम परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण हुआ। स्व हीरावल राम साहू व स्व कुंती बाई साहू सहित समस्त पूर्वजों की पावन स्मृति में उनके पुत्र पूर्णेश साहू, भारतेंद्र साहू, एमन साहू व खोमन साहू ने बरगद, पीपल, नीम सहित विभिन्न छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया।

इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित निर्मल त्रिवेणी अभियान अभियान से जुड़े स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित वृक्ष बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम दौरान मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण, हरित विकास सहित आवश्यक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने इस दिशा में सामूहिक सहयोग का भरोसा जताया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, पंच धर्मेंद्र साहू, कैलाश साहू, शिक्षक शासित साहू, पोषण साहू, नंद कुमार साहू, पूर्व सरपंच धनवा साहू, हरेंद्र साहू सहित निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के संयोजक सूरज देवांगन, मंगल सारथी, गौतम सोनी, उमेंद्र पटेल, कौशल जैन, दीपक देवांगन, खेमराज यादव, धर्मेंद्र पटेल, हनीफ खान, नरोत्तम उर्वशा, किरण ठाकुर, फरीद खान ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



#### एक बेहतर कल का दिया संदेश

भारतेंद्र साहू ने कहा कि एक पौधा, एक संकल्प, एक बेहतर कल केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल होगा। अंत में आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पौधों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। साहू परिवार ने अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के इस जन-अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दुहराया।

# तिलक और आजाद पर सेजेस में स्पर्धा

### भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सेजेस कन्या शाला में बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद के परिप्रेक्ष्य में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक थे, उन्होंने मुख्य रूप से स्वराज की मांग की, उग्र राष्ट्रवाद व जनजागरण के प्रणेता माने जाते है। स्वराज मेरे जन्म सिद्ध अधिकार है जिसे लेकर ही रहेंगे का नारा देने वाले तिलक ने मराठी केसरी पत्रिका का संपादन किया और महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश को गणेश उत्सव के माध्यम से एकता के सूत्र में बांधा। चंद्रशेखर आजाद को भारत का महान निडर क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य भारत को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति दिलाना था उन्होंने अपने मुख्य सहकर्मी सरदार भगत सिंह एवं सुखदेव के साथ मिलकर हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोशिएशन बनाया था। मां सरस्वती की वंदना पूजा अर्चना बाद छात्राओं ने भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी विद्यार्थियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कुणाल टंडन, किशोर यादव, विनीता दीक्षित, खुम वर्मा, गिरिवर कोसरे, उमा देवी त्रिपाठी, उत्तरा साहू, करन साहू, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, रिया जैन, चन्देशखर रजक, सरोजबाला साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार समाचार

### एनसीसी आर्मी विंग ने 100 पौधों का किया रोपण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय



स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी चिरंजीव पांडेय के नेतृत्व में एनसीसी आर्मी विंग द्वारा 21 जुलाई को महाविद्यालय के बालक छात्रावास परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों एवं एनसीसी अधिकारी के संयुक्त प्रयास से 100 पौधों का रोपण किया गया। एनसीसी अधिकारी ने कैडेटों को संबोधित करते कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का आधार ही नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व, जलवायु संतुलन तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का संदेश केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### कोपेडीह में 22 से श्री तुलसी जन्मोत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला एवं ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव आगामी



22 एवं 23 अगस्त को ग्राम कोपेडीह में भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। लक्ष्मण साहू ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति प्रस्तावित है।

वहीं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मानस कथाकार निरंजन महाराज सहित विभिन्न जिलों से प्रतिष्ठान के पदाधिकारी, मानस कथाकार, साहित्यकार एवं मानस मंडलियों का आगमन होगा। जिला अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष सतानंद दुबे एवं रामखिलावन दुबे, जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू, कोषाध्यक्ष चरण पटेल, समन्वयक प्रवीण कौशिक एवं तोरण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राधेलाल यादव, एमआर साहू, पुनारद निर्मलबम, खोमराज पटेल, शत्रोहन साहू, रामबिलास साहू, सुशीला साहू, सविता यादव, रुचि साहू सहित अन्य सदस्यों ने विभिन्न अतिथियों से सौजन्य भेंट कर उन्हें आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

### प्रतियोगिता में अर्पिता ने लहराया परचम




**राजनांदगांव।** सीबीएससी फॉर इस्ट जोन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता ओडिशा भवानीपटनम में 24 से 26 तक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रांत के 64 स्कूल के 250 बच्चों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित किया। जिसमें से तीरंदाजी एकेडमी ग्राम लिटिया की अर्पिता वर्मा ने आधुनिक ओलम्पिक उपकरण कम्पाउंड धनुष में 1 गोल्ड व 2 सिल्वर मैडल जीतकर अपना परचम लहराया है।

ज्ञात हो कि स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन और क्रीड़ा भारती के संयुक्त प्रयास से डॉ. रमन सिंह के गोदग्राम लिटिया में गांव के गरीब बच्चों और आसपास ग्रामीण बच्चों को निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण जिले के अनुभवी कोच हीरु साहू के मार्गदर्शन में दिया जाता है। इस उपलब्धि के लिए स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी, प्राचार्य भारती गौते, सरपंच श्रीमती लीला गोपीचंद गायकवाड, प्रधान पाठक हंस कुमार मेश्राम, रंजना मंडावी, पालकगण बृजेंद्र भूषण खरे, संतोष साहू, पीताम्बर साहू, मुख्य कोच हीरु साहू, प्रवीण सावंत और लिटिया के ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

## निधन



### सैनुद्दीन सोलंकी

**राजनांदगांव।** कुतबुद्दीन सोलंकी के पौत्र एवं जैनुद्दीन सोलंकी के पुत्र सैनुद्दीन सोलंकी का 42 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### चैन सिंग हारमे

**मोहला।** ग्राम देवरसूर निवासी 75 वर्षीय चैनसिंग हारमे का निधन हो गया। उनके शवयात्रा में ग्रामवासी व रिश्तेदार भारी संख्या में उपस्थित रहे। सामाजिक परंपरा अनुसार उनके तीनों पुत्रों ने मुखाग्नि दिया। पेशे से कृषक चैनसिंग अपने जीवनकाल में पंडवानी का गायन भी करते थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र व पुत्रवधू सहित भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। स्व. हारमे हरिभूमि अखबार वितरक संतोष हारमे के पिता थे।

## नियमों के विपरीत जाकर हो रहे हैं धड़ल्ले से रजिस्ट्री

# वनांचल में भूमाफियाओं का कब्जा कृषि भूमि पर की अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की रोक के बावजूद भू-माफियाओं का खेल जमकर जारी है। जिला मुख्यालय मोहला से सटे ग्राम चिलमटोला में कृषि भूमि पर सड़कें बनाकर छोटे-छोटे प्लॉट कटिंग कर राजस्व नियमों के विपरीत जाकर कर बिक्री करने का मामला सामने आया है। यहाँ अवैध कॉलोनाइजर कृषि भूमि को टुकड़ों में काटकर मालामाल हो रहें है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चिलमटोला में पटवारी हल्का नंबर 10 के अंतर्गत लगभग एक एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति के बिना प्लॉट काटकर खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जबकि मौके पर न बिजली की व्यवस्था है, न नाली, न ही अन्य मूलभूत सुविधाएं। उल्लेखनीय है कि ग्राम चिलमटोला में जहां पहले खेतों में कभी फसल लहलहाती थी, वहां अब भू माफियो के द्वारा जेसीबी से सड़कें बनाकर प्लॉटों की मार्किंग कर दी गई है। जगह-जगह बिक्री के लिए प्लॉट दिखाए जा रहे हैं और खरीदारों को भविष्य में इस अनुसूचित जनजाति जिला मुख्यालय मोहला के समीप विकसित कॉलोनी का सपना दिखाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहला निवासी साहू बंधु मिलकर कृषि भूमि को प्लाटिंग कर मनमाने दर पर अवैध प्लाटिंग कर बेच रहे हैं जिन्हें मोहला राजस्व विभाग तथा मोहला भूमि रजिस्टार ऑफिस का इस अवैध कारोबार के लिए संरक्षण प्राप्त है।



### लालच में पड़ रहे हैं खरीदार

लोग जिला मुख्यालय के करीब जमीन खरीदने के लालच में है यही लालच जमीन दलालों के लिए करौडो रुपए कमाने का जरिया बन गया है। इन्होंने खरीदी प्लॉट-शिकायत के मुताबिक ग्राम चिलमटोला में पटवारी हल्का नंबर 10 के अंतर्गत मोहला निवासी अकरम खान,अफजल खान,इरसादखान,इलियास खान और शाहिद बेगम के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। भू स्वामी ने मोहला निवासी हेमंत साहू और तुलेश्वर साहू को यह भूमि हुंडी में बेच दी है,अब तक इस भूमि के 7 टुकड़े हो चुके है,और इनका पंजीयन के पश्चात नामांतरण भी किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक एक डिसमिल की कीमत 2 से 2.5 लाख रुपए में ये भूमि बेचे जा रहें है।

### मिली है शिकायत

अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है नोटिस जारी कर कार्रवाई तय की जाएगी। - **हेमेन्द्र भूआर्य,** एसडीएम

### कृषि भूमि में रियल एस्टेट का कारोबार

जानकारी के अनुसार, किसी भी कृषि भूमि पर कॉलोनी विकसित करने से पहले भूमि उपयोग परिवर्तन, टीएंडसीपी की अनुमति और रेरा अन्य विभागों की स्वीकृति आवश्यक होती है। लेकिन यहां इन नियमों को दरकिनार कर सीधे प्लॉटिंग की जा रही है। कृषि भूमि का डायवर्सन के पश्चात रेरा में पंजीयन करवाना आवश्यक है,लेकिन यहां नियमों को ताक पर रख मोहला उप पंजीयक के द्वारा धड़ल्ले से भू खंडों का पंजीयन कर दिया जा रहा है।

### अफसर दे रहे हैं संरक्षण

लोगो का कहना है कि क्या संबंधित विभागों को इसकी जानकारी नहीं थी या फिर कार्रवाई में लापरवाही बरती जा रही है? लोगों का कहना है कि पटवारी, आरआई और राजस्व अफसरों और पंजीयक की मिलीभगत से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। रिश्वत के रूप मे मुंह मांगा रकम लेकर धड़ल्ले से नियमों के खिलाफ जाकर रजिस्ट्री की जा रही है।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जिला साहू सदन बसंतपुर में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आजीवन सदस्यों तथा बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नोबल साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू और अंजू साहू, इंदू साहू, देवानंद साहू ने पद की शपथ ग्रहण करते समाजहित, संगठन की मजबूती, पारदर्शिता एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मोतीलाल साहू, संदीप साहू, दलेश्वर साहू, जितेन्द्र साहू आदि शामिल थे।

### 35 लोगों ने किया रक्तदान

कार्यक्रम में समाज के 35 युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में रक्तवीरों को हेलमेट और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सेवा में निहित है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष नोबल साहू ने कहा कि जिला साहू संघ समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा, सहयोग, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक विकास के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा।

### छात्र-छात्राओं का सम्मान

शपथ ग्रहण समारोह में समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# प्रिया व मोना का खेल कोटे से रेलवे में चयन

- महापौर ने शुभकामनाएं देते निरंतर मेहनत जारी रखने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी की दो बास्केटबॉल खिलाड़ी बहनों प्रिया गोस्वामी एवं मोना गोस्वामी ने राजनांदगांव जिला सहित प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करते बास्केटबॉल खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की। दोनों खिलाड़ियों ने महापौर मधुसूदन यादव से मोतीपुर स्थित उनके निज निवास पर सौजन्य भेंट की और अपनी उपलब्धि से अवगत कराते आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान खिलाड़ी बहनों के साथ उनके पिता तीरथगिरि गोस्वामी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र यादव, दिग्विजय स्टेडियम के पूर्व प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों के विषय में महापौर को अवगत कराते रणविजय प्रताप सिंह ने बताया कि दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव के कार्यालय सहायक तिरथगिरी गोस्वामी की दोनों पुत्रियं बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रिया गोस्वामी एवं मोना गोस्वामी बचपन से साथ-साथ प्रेक्टिस करते स्पोर्टस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सॉई) राजनांदगांव के बास्केटबॉल कोच के.राजेश्वर राव के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में अपने खेल को निखारा एवं कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में खेलते राजनांदगांव जिला, छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारत देश को गौरवान्वित किया है।

### खेल के प्रति रही समर्पित

हॉल ही में प्रिया गोस्वामी को खेल कोटे से पूर्वी रेलवे कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में ग्रुप सी वर्ग में कनिष्ठ लिपिक की नौकरी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार मोना गोस्वामी को खेल कोटे में पश्चिम रेलवे मुम्बई (महाराष्ट्र) में ग्रुप डी वर्ग में टेलिकाम सहायक के पद पर नियुक्ति दी गई है। इन दोनों खिलाड़ियों के पिता तिरथगिरि गोस्वामी ने बताया कि उनका परिवार एक मध्यम परिस्थिति का साधारण परिवार है। जिसमें उनकी 3 पुत्रियां हैं। तीनों ही बाल्यावस्था से बास्केटबॉल खेल के प्रति समर्पित रही है। उनकी बड़ी पुत्री 25 वर्षीय प्रीति गोस्वामी बास्केटबॉल में दो नेशनल खेल चुकी है और वर्तमान में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रही है। उनसे छोटी दोनों बहनें प्रिया एवं मोना ने अपनी बड़ी बहन प्रीति के साथ ही बास्केटबाल खेलना प्रारंभ किया था और आज ये दोनों बच्चियां कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं संघर्ष के बल पर इस मुकाम तक पहुंची है। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित महापौर मधुसूदन यादव का अहम योगदान रहा है।

# जिला स्तरीय योगासन स्पर्धा में आठ खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

योगासन खेल के क्षेत्र में नगर की प्रतिभाएं लगातार अपनी पहचान बना रही है।

इसी कड़ी में योगशाला के आठ प्रतिभावान खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपने विद्यालय, योग प्रशिक्षण संस्थान और नगर का गौरव बढ़ाया है। गत 24 जुलाई को गायत्री विद्यापीठ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

ट्रेडिशनल इवेंट के 14 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में पार्थ पारधी तथा बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा का चयन हुआ। 17 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में यशस्व ठाकुर ने अपनी जगह बनाई। वहीं आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में प्रियांशी सिंह, आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू तथा रिदमिक पेयर इवेंट में बालिका वर्ग से समृद्धि विश्वकर्मा एवं दीक्षा सिन्हा और बालक वर्ग से हरीश वर्मा एवं पार्थ पारधी का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सभी चयनित खिलाड़ी 28 जुलाई को गायत्री विद्यापीठ में आयोजित जिला स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में भाग लेकर नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल का प्रतिनिधित्व

## भगवान जगन्नाथ की वापसी...



**राजनांदगांव।** रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा जूनीहटरी स्थित मंदिर से वापस अपने मंदिर गांधी चौक पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**राजनांदगांव।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन व वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास एवं कांग्रेस सदस्य निशु गुप्ता के निधन पर कांग्रेस परिवार ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने राजनांदगांव में पत्रकारिता के पुरोधा के रूप में चर्चित राजेंद्र व्यास के निधन सहित शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात कांग्रेस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस के कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति देने वाली निशु गुप्ता के निधन पर भी शोक संवेदना व्यक्त किया है। पार्टी के प्रति इनकी समर्पण अनुकरणीय है। इनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में शाहिद भाई, डॉ. थानेश्वर पाटिला, धनेश पाटिला आदि प्रमुख हैं।

## विशिष्टा ने कत्थक स्पर्धा में लहराया परचम

**राजनांदगांव।** अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ (एएनएएसएस) इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड परफॉर्मिंग आर्ट कॉन्टेस्ट में छत्तीसगढ़ की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोरबा की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना विशिष्टा



श्रीवास्तव ने कत्थक शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विशिष्टा ने 7 जून को अपनी प्रस्तुति दी थी। उन्होंने अपनी शानदार भाव-भंगिमाओं, पदचाप और कत्थक की प्रभावशाली अभिव्यक्ति से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सफलता का श्रेय विशिष्टा ने अपने माता-पिता, अपनी बड़ी बहन आशिता श्रीवास्तव और अपनी कत्थक गुरु को दिया है। उनके पिता विजय श्रीवास्तव, माता रितिका श्रीवास्तव और कत्थक गुरु प्रीति चंद्रा के निरंतर मार्गदर्शन व प्रोत्साहन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

### आयुक्त ने इंदिरा नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** बारिश में साफ-सफाई का हाल जानने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम बुधवार सुबह इंदिरा नगर का आकस्मिक निरीक्षण कर बस्ती के संपूर्ण क्षेत्र की अच्छे तरीके सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय के पास का अवरूद्ध नाला जेसीबी से सफाई कराई तथा अस्पताल परिसर के चारो ओर के नाली की स्वच्छता कमांडो गैंग से संपूर्ण सफाई कराए। उन्होंने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम का निरीक्षण कर मरम्मत के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

आयुक्त श्री मरकाम ने निगम के तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला के साथ इंदिरा नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा नगर बस्ती में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पानी भरान क्षेत्र से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो, गड्ढे में भरे पानी कच्ची नाली खोदकर निकासी कराएं। जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर चिकित्सालय के सामने का नाला झिल्ली पन्नी कचरे से अवरूद्ध होने पर जेसीबी से सफाई कराई तथा अस्पताल परिसर के चारो ओर की नाली को स्वच्छता कमांडो गैंग से सफाई करा कचरा निकलवाया।

## अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण

# राह तीरंदाजी अकादमी का शानदार प्रदर्शन, जीते 10 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ओडिशा के भवानीपटना में 23 से 26 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में पुलिस लाइन राजनांदगांव स्थित राह तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते कुल 10 पदक अपने नाम किए। लगातार दूसरे वर्ष सर्वाधिक पदक जीतकर अकादमी ने अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर सिद्ध की।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव पुलिस एवं स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से पिछले 8 वर्षों से पुलिस लाइन राजनांदगांव में बच्चों को निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ा चुके हैं। विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर तथा स्व. अभिलेख अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से शुभकामनाएं दी गई। साथ ही एबीस ग्रुप के विशेष सहयोग से खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। जिससे उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन प्राप्त होते हैं।

### प्रदेश का गौरव बढ़ाया

प्रतियोगिता के दौरान राह तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ियों ने असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर एवं ओडिशा जैसे तीरंदाजी के मजबूत राज्यों के खिलाड़ियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पराजित कर अपने पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल राजनांदगांव, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।



### प्रतियोगिता में कर रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस उपलब्धि में प्रशिक्षक खोमेंद्र साहू, कोच दामेश्वरी साहू तथा राह तीरंदाजी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अजेन्द्र कुमार तांडेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तीनों प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, तकनीकी प्रशिक्षण एवं निरंतर समर्पण के परिणामस्वरूप अकादमी के खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय एवं सीबीएसई स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

### बेहतर वातावरण

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। वे समय-समय पर खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन करती है। जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और वे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित होते हैं। प्रतियोगिता में सृष्टि चौरसिया ने 3 स्वर्ण पदक, प्रियांश भार्गव ने 3 रजत पदक, रौशन चौरसिया ने 3 रजत पदक तथा द्रोण सोनवानी ने 1 कांस्य पदक जीतकर राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया।



## खबर संक्षेप

### सावन में अमरकंटक बोल बम यात्रा की तैयारियां शुरू

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, कंझेटा, बसनी, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला, निगापुर, सेमरकोना, अमलीमालगी, कुआंमालगी, कुण्डा एवं दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सावन माह के आगमन के साथ ही अमरकंटक बोल बम यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव-गांव में गठित बोल बम समितियां श्रद्धालुओं के साथ बैठकें आयोजित कर यात्रा की रूपरेखा तैयार कर रही हैं। समितियों द्वारा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का पंजीयन, यात्रा मार्ग, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की जा रही है। श्रद्धालु गण अमरकंटक से पवित्र नर्मदा जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पैदल यात्रा करेंगे। सावन माह के दौरान पूरे क्षेत्र में ओम नमः शिवाय और बोल बम के जयघोष से भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों की भी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### प्रदेश युवा प्रकोष्ठ साहू समाज की परिचर्चा बैठक संपन्न

**कवर्धा।** रविवार को साहू छात्रावास मे प्रदेश युवा प्रकोष्ठ की विशेष बैठक आयोजित किया गया, जिसमे सभी पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियो का भव्य स्वागत सम्मान किया गया, आगामी भोरमदेव पद यात्रा मे प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के तत्वधान मे श्रावण माह मे प्रथम सोमवार को भोरमदेव पद यात्रा मे भोल-बम कांवरिया, पदयात्रा एवं दर्शनार्थी के लिए चाय, पानी एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था किया जाएगा एवं प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश के मुख्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री से मिलकर जिले के मेडिकल कॉलेज को मां कर्मा माता के नाम से या दानवीर भामाशाह के नाम रखा जाए जिसके लिए बहुत ही जल्द ज्ञापन दिया जाएगा साथ ही साथ आगामी समय मे युवा प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश स्तर युवक-युवती सम्मेलन एवं युवा सम्मेलन का आयोजिन किए जाने पर सहमति बनी। इस बैठक मे योगेंद्र साहू, लखन साहू, योगेश साहू, दीपक साहू, विक्रम साहू, तुलसी साहू, राम साहू व सामाजिक कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## निधन

### सरजू प्रसाद चंद्रवंशी



**कवर्धा।** ग्राम धरमपुरा के मंडल वरिष्ठ नागरिक एवं कुर्मी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व सरजू प्रसाद चंद्रवंशी (आयु 99 वर्ष) का बीती रात काशी (बनारस) में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार काशी धाम में ही पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव के धनी श्री चंद्रवंशी समाज के सर्वप्रिय एवं आदरणीय स्तंभ थे। उनके निधन से क्षेत्र और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। समाज के लोगों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे कामता प्रसाद, संतु प्रसाद, चंद्रिका, द्वारिका, बद्री प्रसाद, संतोष, सियाराम और सुखनंदन चंद्रवंशी के पिता थे।

---

**समस्या : जल्द से जल्द नए पंचायत भवन निर्माण कार्य की मांग**

# बदहाल स्थिति में ग्राम पंचायत भवन सामुदायिक भवन में हो रही बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर का पंचायत भवन वर्षों पुराना होने के कारण अब पूरी तरह जर्जर और बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भवन की दीवारों में कई स्थानों पर गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, प्लास्टर लगातार झड़ रहा है और बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण पंचायत का नियमित संचालन प्रभावित हो रहा है। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए पिछले करीब दो वर्षों से ग्राम पंचायत की बैठकों और पंचायत संबंधी कार्यों का संचालन सतनामी पारा स्थित सामुदायिक भवन में किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उसमें बैठकर बैठक करना जोखिम भरा हो गया है। बरसात के दौरान छत से पानी टपकने और दीवारों से प्लास्टर गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मचारियों और ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंचायत की बैठकें दूसरे भवन में आयोजित करनी पड़ रही हैं। हालांकि सामुदायिक भवन में पंचायत संचालन से दूसरी समस्या भी सामने आ रही है। जिस भवन का निर्माण सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए किया गया था, वह पंचायत कार्यालय के रूप में उपयोग होने के कारण समाज के लोगों को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए भवन की उपलब्धता सीमित हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बरबसपुर में जल्द से जल्द नए पंचायत भवन का निर्माण कराया जाए।

उनका कहना है कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया पंचायत भवन बनने से पंचायत का काम-काज व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेगा और ग्रामीणों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही सतनामी पारा का सामुदायिक भवन अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए फिर से उपलब्ध हो जाएगा।



**जर्जर भवन अप्रिय घटना की आशंका**

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन किसी भी गांव की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रमुख केंद्र होता है। ऐसे में जर्जर भवन के कारण पंचायत का संचालन दूसरे स्थान से करना उचित नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर नए पंचायत भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों का मानना है कि समय रहते नया भवन नहीं बनाया गया तो भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए शासन और प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देते हुए नए पंचायत भवन के निर्माण की दिशा में त्वरित पहल करनी चाहिए।

---

# कलश यात्रा के साथ निकलेगी आज गौ-सम्मान शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गौ-सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 जुलाई को शहर में विजय मंत्र जाप, गौ-पूजन और भव्य गौ-सम्मान शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जनजागरण का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 गांधी मैदान पुराना मंडी में जिले भर के गौ सेवक एकत्रित होंगे और विजय मंत्र जाप और गौ माता के पूजन-अर्चन से होगी। तत्पश्चात सुबह 11 बजे मातृशक्ति गौ माता को राष्ट्र माता की दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ अपने सिर पर पवित्र कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल होगी। बैलगाड़ी में अभियान की हस्ताक्षर शीट भी रखी जाएगी, शोभायात्रा पुराना मंडी से शुरू होकर सराफा लाइन, सिग्नल चौक, छत्रपति शिवाजी जी महराज चौक, महामाया मंदिर, रानी दुर्गावती चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जिला कार्यालय पहुंचेगी। जिला कार्यालय में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

गौ सेवको ने गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत एकत्र किए गए करीब एक लाख हस्ताक्षर भी सौंपे जाएंगे। ज्ञापन में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और केंद्रीय गौ मंत्रालय के गठन की मांग की जाएगी। गौ सेवको ने कबीरधाम जिला के समस्त गौ प्रेमियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील की है।

**खास बातें**

- ज्ञापन में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और केंद्रीय गौ मंत्रालय के गठन की मांग की जाएगी

---

# खेतों में जैविक खाद व ग्रीन खाद तैयार कर कृषि कार्य की ओर हो रहे हैं किसान अग्रसर



- ग्रामीण किसानों को ग्रीन खाद से अच्छी पैदावार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जेवडन खुर्द के ग्रामीण किसान अब जैविक खाद तथा ग्रीन हरा खाद खेतों में तैयार कर अच्छी फसल पैदावार करने के लिए जुट चुके हैं।

जेवडन खुर्द के किसान महेश चंद्रवंशी ने बताया कि जैविक खाद तथा ग्रीन खाद के बीज ग्राम सेवक से संपर्क कर 24 किलोग्राम खरीदा गया, जो कि 110 प्रति किलोग्राम जिसे जून माह में 3 एकड़ खेतों में बुआई किया गया, जो 40 दिनों में खेतो में तैयार होकर परिपक्व हो चुका जिसे जैविक खाद व ग्रीन खाद कहा जाता जो खेतों में हरा भरा हो चुके हैं अब धान की पैदावार करने के लिए ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों को गीला कर रहे हैं और साथ ही साथ जैविक खाद भी मिट्टी में मिश्रण हो रहे हैं ताकि धान की रोपाई हो सके उन्होंने बताया कि ग्रीन खाद से अच्छे पैदावार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

उन्होंने बताया कि एरिया, सुपर फास्फेट, डीएपी, पोटाश जैसी ही ग्रीन खाद में पोषक तत्व तथा मात्र और उर्वरक शक्ति और संतुलित आहार पाए जाते हैं जो कि खेतों की फसलों को सुरक्षा कवच की तरह बनाए रखते हैं, जिसे फसल पर कोई प्रकार की बीमारी नहीं लगता है और परिपक्व होकर तैयार हो जाते हैं और अच्छे उत्पादन होते हैं, अमित चंद्रवंशी ने बताया कि ग्रीन खाद के उपयोग करने से रासायनिक खाद का उपयोग कम मात्रा में करना पड़ता है, इस तरह ग्रामीण अंचलों के किसान अब जैविक खाद ग्रीन खाद की ओर किसान अग्रसर हो रहे हैं और आत्मनिर्भर हो रही है।

---

# घोठिया रोड से नए बस स्टैंड तक पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



- अभियान में 300 नीम के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से हरीतिमा टीम द्वारा घोठिया रोड से नए बस स्टैंड तक पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 300 नीम के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के प्रथम चरण में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रितु देसाई (सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड), पार्षद सुनील साहू, अजय ठाकुर एवं दीपक सिन्हा ने अपने हाथों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के संवर्धन का संकल्प लिया। अतिथियों ने हरीतिमा टीम के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए नागरिकों से भी पौधारोपण और पौधों के संरक्षण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

हरीतिमा टीम ने बताया कि विगत आठ वर्षों से टीम बिना रुके और बिना थके पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान टीम द्वारा 13,000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिनमें से शत-प्रतिशत पौधे आज वृक्ष का रूप ले चुके हैं। टीम के सदस्य सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में नियमित रूप से पौधारोपण, सिंचाई और संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। हरीतिमा टीम ने बताया कि घोठिया रोड से नए बस स्टैंड तक 300 नीम के पौधों का रोपण पूर्ण होने के बाद उनकी नियमित देखभाल भी की जाएगी, ताकि सभी पौधे स्वस्थ वृक्ष बन सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

---

# मन की बात से मिलती है समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणाः नितेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने रविवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के राजानवांगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136 वां एपिसोड कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस का उल्लेख करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए देशभर में समाजहित में कार्य करने वाले लोगों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों के अनुभवों और नवाचारों की जानकारी मिलती है, जिससे समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। इस दौरान बूथ अध्यक्ष कबीर पटेल, मनीराम ध्रुवें, सेवादास पटेल, द्रोपति मानिकपुरी, लीला साहू, सालिक साहू, भूपेंद्र साहू, धर्मेंद्र यादव, जलेश पटेल, लोमस श्रीवास, ज्ञानी पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

### डीएलएड परीक्षा का परिणाम घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड मुख्य परीक्षा प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।

---

**बैरिकेडिंग तक सीमित इंतजाम, आवाजाही से हर रविवार जाम**

# बोड़ला बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में लगने वाला साप्ताहिक रविवार बाजार इन दिनों अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जिले के सबसे बड़े विकासखंडों में शामिल बोड़ला के इस बाजार में हर सप्ताह आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और व्यापारी खरीददारी के लिए पहुंचते हैं। सुबह से शाम तक बाजार में हजारों लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन भीड़ के अनुरूप यातायात प्रबंधन नहीं होने से हर रविवार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार के दौरान पुलिस द्वारा मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग तो की जाती है, लेकिन केवल बैरिकेड लगाने से व्यवस्था नहीं संभल पाती। लोगों के अनुसार बैरिकेड के पास पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात नहीं रहते, जिससे वाहन चालक मनमाने ढंग से आवाजाही करते हैं। नतीजन बाजार क्षेत्र में दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**अव्यवस्था का असर कारोबार पर**

व्यापारियों का कहना है कि यातायात अव्यवस्था का असर उनके कारोबार पर भी पड़ रहा है। जाम के कारण कई ग्राहक बाजार तक पहुंचने से बचते हैं, जबकि बाजार में आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था भी नहीं मिल पाती। स्थानीय लोगों का सुझाव है कि बाजार के दिन अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात जवानों को लगाया जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि मुख्य मार्ग बाधित न हो।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को वितरित की गई शैक्षणिक सामग्री

कवर्धा। कबीरधाम जिले, पंडरिया विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्र के ग्राम तेलियापानी लेदरा में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आस्था समिति द्वारा दानदाता महामाया फोटो कॉपी एवं स्टेशनरी कवर्धा के सहयोग से शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। आस्था समिति के संस्था प्रमुख दौलतराम कश्यप शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, तेलियापानी पहुंचकर विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक कॉपी, कलम एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस अवसर बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे।

# श्रावण मास में कांधे में कांवड़ टांगने की तैयारी में जुटे शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

संस्कारधानी कवर्धा अपने स्थापत्य काल से ही धर्मनगरी के नाम से प्रख्यात है। समय-समय पर इस पावन धरा को अपने चरणरज से धन्य करने वाले स्वामी करपात्री जी महाराज सहित चारों पीठों के शंकराचार्यो तथा दिव्यसंतों ने इस बात की पुष्टि की है।

कवर्धा नगरी को शिवनगरी के नाम से भी जाना जाता है। श्रावण मास के निकट आते ही समूचे जिले में शिवभक्ति की लहर हिलोरे मारने लगती है। 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावण मास के लिए जहां बोलबम में जाने वाले युवा शिवभक्तों के काफिले की रूपरेखा तय करने बैठक आयोजित की जाने लगी है। वहीं नगर के तमाम देवालयों में रंग-रोगन व सफाई कार्य को प्राथमिकता से किया जा रहा है। वर्षो से चली आ रही परम्परा को आत्मसात करने इस वर्ष भी जिला बोलबम समिति के तत्वाधान में नगर सहित आसपास के गांवों के हजारों शिवभक्त कांवरिया के रूप में मां नर्मदे की उद्गम स्थली अमरकंटक से कवर्धा पदयात्रा व जलाभिषेक कर भगवान आशुतोष की कृपा तथा भक्ति प्राप्त करेंगे। नगर के लगभग सभी बोलबम समितियां अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

उनके द्वारा अपने भगवा जामा, कांवर तथा मार्ग में उपयोग आने वाले सभी सामग्रियों को एकत्र किया जा रहा है। वहीं श्रावण मास को लेकर नगर के तमाम शिवालयों में रंगाई-पोताई, साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रावण मास को साक्षात शिव का अवतार मानते हैं। इसलिए सावन मास में लोग यथा शिव शक्ति अराधना कर मनोवांछित फल प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहते हैं।



### करीब चार दिवसीय होती है पवित्र श्रावण मास की कांवड़ पदयात्रा

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांवरियों द्वारा श्रावण मास के प्रथम दिवस अमरकंटक स्थित ज्वालेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर 4 दिवसीय दुर्गम यात्रा का श्री गणेश करेंगे। बोलबम का नारा बुलंद करते कांवरिया मार्ग में स्थित वनदेवों की पूजा अर्चना करते प्रथम पड़ाव गोपालपुर में विश्राम करेंगे, दूसरे दिन की यात्रा सूर्योदय के साथ प्रारंभ कर दुर्गम घुमावदार घाटियों को पारकर वनग्राम कुई कुकदूर में विश्राम करेंगे। तीसरे दिन की यात्रा जलेश्वर महादेव डोंगरिया का जलाभिषेक पश्चात पूर्ण होगा। चौथे व अंतिम दिन की यात्रा कष्ट तथा उत्साह के मिलीजुली प्रतिक्रिया के साथ खेड़ापति हनुमान मंदिर में थोड़ी देर विश्राम करेंगे। विश्राम पश्चात हर्षातिरेक से लबरेज कांवरिया बाजे गाजे के साथ बोलबम-बमबोल का नारा बुलंद करते अपने धुन में मस्त पंचमुखी बुढ़ामहादेव के दरबार में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। यह क्रम पूरे श्रावण मास तक चलेगा।

**वारदात:** शव की स्थिति देख लोगों ने जताई हत्या की आशंका

# रेंगाखार रोड पर ग्रामीण युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत रविवार को नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड क्रमांक 5 स्थित रेंगाखार रोड पर एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही सहसपुर लोहारा पुलिस मौके पर पहुंची मृतक का शव बरामद कर मामले की जांच में जुट गई।

बताया जाता है कि अर्धनग्न अवस्था में मिले युवक के शव और घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए इस बात की आशंका जताई जा रही है कि युवक के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की गई है। हालांकि इस वारदात को किसने और कैसे अंजाम दिया है इस बात का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह स. लोहारा क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब घरों से निकले लोगों ने नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 स्थित रेंगाखार रोड पर एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा देखा।

डरे सहमे लोगों ने इसकी सूचना तत्काल स. लोहारा पुलिस को दी। सूचना पाकर दल बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम किया और मौका मुआयाना कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान महेश साहू निवासी ग्राम बासिनझोरी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान



लोगों ने बताया कि शव पर चोट के निशान नजर आए हैं, जिससे हत्या का शक गहरा रहा है। घटनास्थल के पास ही मृतक के कपड़े भी मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की है। फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि युवक की हत्या किसने और क्यों की है। पुलिस की टीम को घटनास्थल से क्या सबूत मिला है ये अभी साफ नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने पुलिस को ये सूचना पहुंचाई थी कि एक डेड बॉडी रेंगाखार में सड़क किनारे पड़ी है। डेड बॉडी पर चोट के निशान मिले हैं। सहसपुर लोहारा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि जांच के लिए फोरेंसिक टीम की सहायता ली जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा मामले का जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 120 किमी की कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर अमल

- पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का प्रतीक अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक लगभग 120 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा हर वर्ष हजारों शिवभक्तों द्वारा की जाती है।

इस दौरान श्रद्धालु अमरकंटक से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले भोरमदेव मंदिर पहुंचते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं की इस कठिन लेकिन आस्था से परिपूर्ण यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से यात्रा मार्ग पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है, ताकि किसी भी शिवभक्त को असुविधा का सामना न करना पड़े।

यात्रा के दौरान पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कांवड़ मार्ग में स्थित सभी हैंडपंपों का क्लोरीनेशन कराया है। साथ ही जो हैंडपंप खराब या बंद पाए गए थे, उनका तत्काल सुधार एवं मरम्मत कर उन्हें सुचारु रूप से चालू कराया गया है।

इसके अतिरिक्त, भोरमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार किए गए हैं। पानी की गुणवत्ता एवं उपलब्धता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की जल संबंधी समस्या उत्पन्न न हो।

उनके निर्देश पर स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर लगातार

### समिति, विभागों व अधिकारियों को निर्देश

आयोजन समिति, संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे यात्रा अवधि के दौरान पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि श्रावण माह में भोरमदेव आने वाले प्रत्येक शिवभक्त की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

# भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ की प्रथम बैठक की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ की प्रथम बैठक का आयोजन बीते शनिवार को जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से शेखर बक्शी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

उपाध्यक्ष पद पर अनिल दास गुप्ता, पीयूष ठाकुर, निलेश जैन, श्रीमती आंचल गुप्ता, श्रीमती आशा पटवा एवं श्रीमती रेखा देवांगन का चयन किया गया। वहीं हरीश वर्मा को जिला संघ का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विगत वर्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित 44 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को अतिथियों के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल में संचालित प्याऊ घर में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 136 स्काउट एवं गाइड को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली कक्षा 10वीं की राज्य टॉपर गाइड रिया केशरवानी तथा कक्षा 12वीं की जिला टॉपर गाइड समीक्षा चंद्रवंशी को उनके पालकों सहित सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला कमिश्नर (स्काउट एवं गाइड) द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त एवं कोषाध्यक्ष को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में ओव्हाईएमएस की जानकारी रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू ने दी, जबकि पंजीयन एवं नवीनीकरण संबंधी जानकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने प्रस्तुत की।

# कांवड़ियों को सहयोग देने डिंडोरी के एसपी व आरटीओ को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कांवरियों की सुविधा व परेशानियों की चिंता करते हुए आवश्यक पहल की है। उन्होंने बोल बम कांवरियों को सहयोग करने डिंडोरी के पुलिस अधीक्षक व जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिखा है।



गौरतलब है कि जिले के विभिन्न ग्रामों से शिव भक्त बोल बम कांवरियों की टोली प्रत्येक वर्ष सावन माह में मां नर्मदा का जल लेने हेतु अमरकंटक जाते हैं, वहां से जल लाकर भोरमदेव, बुढ़ा महादेव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इनके आवागमन हेतु प्रायः वाहनों का उपयोग किया जाता है। उक्त यात्रा के दौरान इन्हे मध्यप्रदेश के जिला डिंडोरी के ग्राम बजाग व कबीर चबूतरा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के आरटीओ बैरियर व करंजिया में टोलगेट व अन्य स्थानों में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

इसके मद्देनजर सांसद संतोष पांडेय ने मध्यप्रदेश के जिला डिंडोरी के पुलिस अधीक्षक व जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिखकर कांवरियों की टोली को आवागमन में उचित सहयोग प्रदान करने को कहा है। जयराम साहू, हुतेंद्र चंद्रवंशी व राजू मानिकपुरी ने डिंडोरी पहुंचकर पुलिस अधीक्षक व जिला परिवहन अधिकारी को सांसद का पत्र सौंपा और चर्चा की। उन्होंने कांवरियों को होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी दी और आवश्यक सहयोग करने के संबंध में चर्चा की।

## निःशुल्क पेट्रोल चलित होंडा एक्टिवा स्कूटी वितरित...



**कवर्धा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की उपस्थिति में विधायक कार्यालय, रणवीरपुर में रविवार को ग्राम अचानकपुर निवासी दिव्यांग नीलू गोस्वामी एवं ग्राम लाखाटोला निवासी सियाराम पटेल को नि :शुल्क पेट्रोल चलित होंडा स्कूटी भेंट की गई है। इस अवसर विधायक ने कहा कि हितग्राहियों के चेहरे पर स्कूटी प्राप्त कर जो खुशी, आत्मविश्वास और उम्मीद देखने मो मिला उसने मन को गहराई से छू लिया। इस छोटे से प्रयास से उनके जीवन की राह आसान हो, उनके दिनचर्या में यह सहभागी बनकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर करें यही हमारा उद्देश्य है।

**किसानों से प्रत्येक परिवार के नाम एक-एक पौधा लगाने का आह्वान**

# किसान संघ का वृक्षारोपण महाअभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय किसान संघ, जिला कबीरधाम द्वारा रविवार को वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषक कल्याण आयोग, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए प्रत्येक परिवार के सदस्य के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा कि वृक्ष किसानों के जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ रहा है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव वर्षा, जल संरक्षण एवं कृषि पर पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से हरित पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आगामी गौ सम्मान आह्वान अभियान की जानकारी देते हुए जिला मंत्री दिनेश चंद्रवंशी ने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं गौ पालन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ आधारित कृषि प्राकृतिक एवं आत्मनिर्भर खेती की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में जिले की बेटी पूर्णिमा चंद्रवंशी, जिन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर अनेक लोगों को प्रेरित किया है, का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।



### भारतीय किसान संघ ने दोहरा अपनी प्रतिबद्धता

भारतीय किसान संघ ने पर्यावरण संरक्षण, गौ संवर्धन एवं किसान हितों के लिए निरंतर जनजागरण एवं सेवा कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, प्रांत महिला प्रमुख अदिति कश्यप, प्रांत प्रचार प्रमुख संजय साहू, प्रांत कार्यकर्ता नंदकुमार चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, महामंत्री जीवन यादव, कार्यालय मंत्री कमलेश चंद्रवंशी, दुवारिका चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी सहित जिला एवं तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम चारभाठा कला में मां महामाया मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा व भक्ति से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

ग्राम चारभाठा कला में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा नवनिर्मित माँ महामाया मंदिर में माँ महामाया की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।



इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर माँ महामाया का पूजन-अर्चन किया तथा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत हवन-पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न पूजन विधियां संपन्न कराई गईं। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता एवं पारस्परिक सद्भाव का भी प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं, समाजजनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में प्रमुख रूप से जोधन चन्द्रवंशी, लालू चन्द्रवंशी, अजीत चन्द्रवंशी, करन चन्द्रवंशी, शेषनारायण चन्द्रवंशी, संतोष चन्द्रवंशी, सेवक चन्द्रवंशी, शिवचरण चन्द्रवंशी एवं लाला चन्द्रवंशी सहित समस्त ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही।